an>

Title: Regarding accidents taking place daily on Mumbai-Pune expressway in Maval Parliamentary Constituency of Maharashtra.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र् मावल में राÂट्रीय राजमार्ग संख्या 4 में देश का पहला पूना-मुम्बई एक्सप्रैसवे बना है। यह एक्सप्रैसवे तत्कालीन शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल में बना। इसके बाद देश में एक्सप्रैसवे और राÂट्रीय राजमार्गों का चलन हुआ है। इस एक्सप्रैसवे पर हज़ारों की संख्या में कार, ट्रक तथा अन्य वाहन चलते हैं। इस एक्सप्रैसवे पर प्रतिदिन दुर्घटनाएँ होती हैं। अभी तक इस पर लगभग 2300 एक्सीडैंट्स हो चुके हैं जिसमें करीब 1500 लोगों की मौत हो चुकी है और 750 के लगभग लोग पूर्ण रूप से विकलांग हो चुके हैं। आज तक केन्द्र और राज्य सरकार ने इन दुर्घटनाओं से निपटने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि सरकार इन दुर्घटनाओं में घायल लोगों के बचाव हेतु यदि यहाँ पर एयर एम्बुलैंस की व्यवस्था मैडिकल एक्सपर्ट टीम के साथ कर दे तो दुर्घटनाओं में घायल लोगों को तुरंत उपचार मिल सकता है।